(b) if so, what are the details thereof and the funds earmarked therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) Yes, Sir.

(b) In their Seventh Plan proposals, the Authority has proposed an outlay of Rs. 267·38 crores for development of the four international airports. The major projects included in the proposals are as follows :—

DELHI

(i) Completion and commissioning of the first Module of New International Terminal Complex.

(ii) Construction of New Domestic Terminal Complex.

(iii) Construction of International Terminal Complex Ph. II.

BOMBAY

(i) Completion and commissioning of Module II of the International Terminal Complex.

(ii) Construction of Module III of the International Terminal Complex.

(iii) Construction of a tunnel between Terminal I and II.

(iv) Extension of the Domestic Terminal Building.

CALCUTTA

(i) Construction of New Domestic Terminal Complex.

MADRAS

(i) Construction of a New International Terminal Complex.

The allocation proposed by IAAI for the Seventh Five Year Plan is, however, yet to be approved by the Government.

रेल दुर्घटनाएं

1674. **श्री पारेश्वर हेरंब :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 दिसम्बर, 1985 से आज तक कितनी रेल दुर्घटनाएं हुई हैं; और

(ख) इन दुर्घटनाओं में मरने वालों और घायल होने वालों की दुर्घटना-वार संख्या कितनी हैं तथा इन दुर्घटनाओं के क्या कारण थे ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) भारतीय रेलों पर 1 दिसम्बर 1985 से 28 फरवरी, 1986 तक की अवधि के दौरान 154 गड़ी दुर्घटनाएं हुई ।

(ख) इन दुर्घटनाओं में हताहतों का कोटिवार ब्यौरा इस प्रकार हैं—

दुर्घटना की कोटि	हताहत	
	मारे गये	घायल
टक्कर	5	61
पटरी से उतरना	—	1
समपारों पर दुर्घटनाएं–		
चौकीदार वाले	8	6
बिना चौकीदार वाले	13	38
गाड़ियों में आग लगना	—	2

प्रथम दृष्टया सहित उनके कारण इस प्रकार हैं:—

(i) रेल कर्मचारियों की गलती	65
(ii) रेल कर्मचारियों से अन्य व्यक्तियों की गलती	14
(iii) उपस्कर की खराबी	51
(iv) मिश्रित कारक	8
(v) आकस्मिक	4

(vi) तोड़ फोड़	1
(vii) कारण सिद्ध न हो सके	1
(viii) अन्वेषणाधीन	10

सतना-रीवा प्रतापगढ़ तथा गुना-इटावा रेल मार्ग

1675. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सतना-रीवा प्रतापगढ़ तथा गुना-इटावा रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है,

(ख) इन दोनों रेल लाइनों के निर्माण के लिये कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है तथा अधिग्रहण की गयी भूमि के लिए कितना मुआवजा दिया गया है; और

(ग) क्या योजना आयोग ने उक्त रेलवे लाइनों को स्वीकृति दे दी है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) सतना से रीवा और गुना से इटावा तक नयी लाइनों का निर्माण कार्य 1985-86 के बजट में शामिल किया गया था। सतना और रीवा के बीच अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। रीवा-गोविन्दगढ़ (न कि प्रतापगढ़) खण्ड पर अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण प्रगति पर है। गुना और इटावा के बीच की लाइन के लिए कार्य प्रथम चरण के रूप में गुना और शिवपुरी के बीच अन्तिम स्थान निर्धारण का कार्य शुरु कर दिया गया है।

(ख) अभी तक किसी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है।

(ग) योजना आयोग इन परियोजनाओं को 1985-86 के रेलवे बजट में शामिल करने के लिए अनन्तिम रूप से सहमत हो गया था। तथापि उनकी अन्तिम स्वीकृति की प्रतीक्षा है।

बीना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं

1676. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान बीना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में की गयी वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार पूछताछ काउंटरों विश्राम गृहों और बुकिंग कार्यालयों में दिन-रात की सेवा प्रदान करने और वहां पर महत्वपूर्ण तथा दुर्गति वाली अप और डाउन रेल गाड़ियों में आरक्षण कोटे में वृद्धि करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) बुकिंग कार्यालय का विस्तार किया गया है, लम्बी दूरी की गाड़ियों को सम्हालने के लिए पटरी सतह तक एक यात्री प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है और प्लेटफार्म नं० 2 पर खडंजा बिछाया गया है।

(ख) और (ग) एक पृथक पूछताछ एवं आरक्षण कार्यालय 9 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक कार्य कर रहा है शेष अवधि के दौरान उप स्टेशन अधीक्षक पूछताछ का कार्य देखते है। चौबीसों घंटे पूछताछ कार्यालय की व्यवस्था उन बड़े बड़े स्टेशनों पर की जाती है जहां यातायात भारी मात्रा में होता है। विश्राम कक्षों का औचित्य नहीं पाया गया है। बुकिंग कार्यालय की व्यवस्था है और यह चौबीसों घंटे खुला रहता है। बीना स्टेशन पर 15 डाउन जी०टी० एक्सप्रैस में दूसरे दर्जे की दो शायिकाओं के अतिरिक्त कोटे की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

Traffic on Air India

1677. SHRI KALPNATH RAI :- Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state :

(a) what was the target for growth of the traffic of Air India during the Sixth Five Year Plan ;